तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज कन्हैयालाल वगैराह बनाम राज0 सरकार	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
11.08.2021	पत्रावली वास्ते आदेशार्थ पेश हुई। वकील अपीलांट्स उपस्थित। वकील रेस्पोडेंट्स संख्या 02 लगायत 22 उपस्थित। वकील अपीलांट्स एवं वकील रेस्पोडेंट्स संख्या 02 लगायत 22 की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रतित होता है कि रेस्पोडेंट द्वारा अपनी खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 290, 291 कुल किता 02 रकबा 46 बीघा 05 बिस्वा वाकै ग्राम रालावास तहसील राहुवास जिला दौसा का सीमाज्ञान तहसीलदार राहुवास के आदेश कमांक 717 दिनांक 21.06.2021 की पालना में पटवारी हल्का सलेमपुर के द्वारा दिनांक 24.06.2021 को किये जाने के पश्चात उक्त खातेदारी भूमि की पत्थरगढी कराने बाबत प्रार्थना पत्र अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रामगढ पचवारा जिला दौसा के समक्ष प्रस्तुत किया था। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा रेस्पोडेंट का उक्त प्रार्थना पत्र स्वीकार कर तहसीलदार राहुवास को वादग्रस्त आराजीयात की मुताबिक सीमाज्ञान पत्थरगढी किये जाने का अपीलाधीन आदेश पारित किया गया। तहसीलदार राहुवास के आदेश पर पटवारी हल्का द्वारा जिस भूमि का सीमाज्ञान दिनांक 24.06.2021 को किया गया था वह अपीलान्ट्स की खातेदारी भूमि नहीं है तथा रेस्पोंडेन्ट्स की प्रश्नगत भूमि का सीमाज्ञान किया गया था। रेस्पोडेंट अपनी खातेदारी भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। इससे यह प्रतित होता है कि अधीनस्थ न्यायालय द्वारा विधि के अनुरूप नियमानुसार अपीलाधीन आदेश दिनांक 06.07.2021 पारित किया गया है। जिसमें किसी प्रकार की विधिक त्रुटि कारित होना नही पाया जाता हैं। ऐसी स्थिति में अपीलांट की अपील एडमिशन स्तर पर ही खारिज किया जाना उचित है। अतः उपरोक्त तथ्यों के परिपेक्ष्य में परिणामतः अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। यदि अपीलार्थी को कोई आपत्ति है तो वे सक्षम न्यायालय में चाराजोही करने के लिये स्वतंत्र है। अधीनस्थ न्यायालय विधिवत सूचित हो। इस न्यायालय की पत्रावली फैसल शुमार नम्बर से कम होकर बाद पूर्ति लेख भण्डार हो। 11/8/2021. (बाबूलाल गोयल) अति.संभागीय आयुक्त, जयपुर	

Scanned by CamScanner

न्यायालयः– श्रीमान अतिरिक्त संभागीय आयुक्त महोदय, जयपुर जिला जयपुर (राज0)

1. कन्हैयालाल } पि0 बद्रीलाल
2. संतोष
3. कजोड पुत्र मूल्या
4. गंगा पत्नी रामसहाय
5. रामकरण पुत्र रामसहाय
6. रामकिशोर पुत्र रामसहाय
7. रामजीलाल पुत्र तेजा
8. कैलाश पुत्र तेजा
9. अर्जुनलाल पुत्र तेजा
10. रामजीलाल पुत्र रामगोपाल
11. ग्यारसी पत्नी तेजा
12. सुखराम } पि0 गंगाराम
13. लटूर
14. रंगलाल
15. भगवान सहाय
16. गिर्राज प्रसाद पुत्र राजाराम
17. मीठालाल पुत्र तेजा
18. श्रीनारायण पुत्र रामसहाय
19. प्रहलाद पुत्र रामसहाय
20. भौरया पुत्र गणेश
21. घासी } पि0 रामसहाय
22. सुरेश
23. पूनीराम पुत्र मूल्या
24. मंगला पुत्र रामपाल
25. लाली } पुत्रीयान बद्रीलाल
26. सन्ती
27. विमला
28. राधादेवी पत्नी बद्रीलाल

समस्त जाति मीना निवासी रालावास तहसील राहूवास जिला दौसा (राज0)

(अपीलान्टस)

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राहूवास जिला दौसा (राज0)

Scanned by CamScanner

2. हजारी पि0 लोहडया
3. गैदा
4. सुखपाल पुत्र रामचन्द्र
5. भौरीलाल पि0 मूलचंद
6. शंकरलाल
7. धापा देवी पत्नी गंगाराम
8. हरकेश पि0 गंगाराम
9. प्रकाश
10. रामसहाय पुत्र लोहडया
11. बदरी पुत्र लोहडया
12. कजोड पुत्र रामपाल
13. सुखबाई पत्नी सुखपाल
14. भागोती पत्नी भौरीलाल
15. शांति देवी पत्नी शंकरलाल
16. धापादेवी पत्नी गंगाराम
17. कल्याणी देवी पत्नी कजोडमल
18. रामकन्या देवी पत्नी रामसहाय
19. कालीदेवी पत्नी बदरीलाल
20. रामपति देवी पत्नी हजारी लाल
21. पांची देवी पत्नी मीठालाल
22. ज्याना देवी पत्नी रेवडमल

समस्त जाति मीना निवासी रालावास तहसील राहूवास जिला दौसा (राज0)

(रेस्पोडेन्टस)

अपील विरूद्व निर्णय दिनांक 06.07.2021 बउनवानी प्रकरण हजारी बनाम राजस्थान सरकार योग्य अधीनस्थ न्यायालय श्रीमान उपजिलाधीश महोदय, रामगढ पचवारा

मान्यवरजी,

सेवामें अपील अपीलान्टस निम्नप्रकार प्रस्तुत हैः–

संक्षिप्त मे तथ्य इस प्रकार है किः– रेस्पों0 सं0 2 लगयात 22 ने आराजी खसरा नं0 290 रकबा 2 बिस्वा, ख0 नं0 291 रकबा 46 बीघा 3 बिस्वा कुल किता 2 कुल रकबा 46 बीघा 5 बिस्वा वाके ग्राम रालावास पटवार हल्का सलेमपुरा तहसील राहुवास जिला दौसा मे स्थित है। जिसका पत्थरगढी करवाने का प्रार्थना पत्र

Scanned by CamScanner